# वी.यू – आजादी का महोत्सव मनाया गया

दिनॉक 15/08/2023 को विश्वविद्यालय तथा पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय जबलपुर में आजादी के गर्व का महापर्व आजादी का अमृत महोत्सव व स्वतंत्रता की 76 वीं वर्षगांठ समारोह हर्ष और उत्साह के साथ मनाया गया। कुलपति डॉ. सीता प्रसाद तिवारी ने नानाजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर ध्वज पूजन तथा ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर कुलपति डॉ. एस. पी. तिवारी जी ने अपने उद्‌बोधन भाषण में विश्वविद्यालय की उपलब्धियों से सभी को अवगत कराया तथा अमृत महोत्सव के दौरान किए गए कार्यों को सराहा साथ ही इसी जोश और उमंग से विश्वविद्यालय, प्रदेश तथा देश हित में कार्य करते रहने हेतु प्रेरित किया। अमृत महोत्सव के अवसर पर मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय तथा पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं ने देश भक्ति के गीतों की शानदार प्रस्तुति दी। स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर माननीय कुलपति जी द्वारा विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित योग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर विशाखा जाटव तृतीय वर्ष मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय जबलपुर, द्वितीय स्थान किरण पाटीदार, चतुर्थ वर्ष, पशु चिकित्सा महाविद्यालय रीवा और तृतीय स्थान आकांक्षा अग्निहोत्री, इंटर्नशिप, पशुचिकित्सा महाविद्यालय जबलपुर रही। विशाखा जाटव को विश्वविद्यालय की ओर से मा. कुलपति डॉ. सीता प्रसाद तिवारी जी ने 5000/– (पांच हजार) रुपए नगद राशि एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। विश्वविद्यालय स्तर का श्रेष्ठ शैक्षणिक कार्य हेतु प्रशस्ति पत्र डॉ. सुदीप्तो घोष, तकनीकी अधिकारी–अधिष्ठाता संकाय कार्यालय तथा सोना दुबे जनसंपर्क अधिकारी को दिया गया साथ महाविद्यालय में श्रेष्ठ शैक्षणिक कार्यकरता का पुरुस्कार में डॉ. राखी वैश जबलपुर, डॉ. विवेक अग्रवाल महू, डॉ. नीरज श्रीवास्तव को दिया गया तथा डॉ. शशि प्रधान को भी प्रशस्ति पत्र दिया गया। श्रेष्ठ गैर शैक्षणिक कार्यकरता का पुरुस्कार श्री अमित विश्वकर्मा, श्रीमती गार्गी मिश्रा व आशीष सोनी को दिया गया, श्रेष्ठ श्रमिक कार्यकता का पुरुस्कार श्री रामानंद सोंधिया श्री अरुण एवं श्री रामनिवास पटेल को दिया गया कार्यक्रम में वि.वि. कुलसचिव डॉ. श्रीकांत जोशी, अधिष्ठाता आर.के. शर्मा, संचालक शिक्षण, डॉ. सुनील नायक, प्रदीप लखानी, मत्स्य विज्ञान के अधिष्ठाता डॉ. एस.के. महाजन, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. आदित्य मिश्रा, डॉ. जी. दास, डॉ. एस.एस. कारमोरे, डॉ. अजीत सिंह तथा समस्त विभागाध्यक्ष, महाविद्यालय के शिक्षक, छात्र–छात्राएं तथा कर्मचारी गण उपस्थित रहे। मंच संचालन डॉ. आदित्य मिश्रा एवं डॉ. सोना दुबे तथा आभार व्यक्त सहायक कुलसचिव डॉ. रामकिंकर मिश्र द्वारा किया गया।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर